भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +1103

सोमवार, 08 फरवरी, 2021/19 माघ, 1942 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में पर्यटन को बढ़ावा

+1103 श्री सुनील बाबू राव मेंढ़े:

क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा महाराष्ट्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या विशेष कदम उठाए गए हैं और इसके क्या परिणाम रहे हैं;

(ख) क्या राष्ट्रीय पर्यटन सलाहकार समिति (एनटीएसी) ने महाराष्ट्र राज्य में पर्यटन आकर्षण के विकास और संवर्धन हेतु सिफारिश की है:

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) वर्तमान कोविड-19 महामारी के मद्देनजर भारत को विश्व में पर्यटकों को आकर्षण के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय भारत का संवर्धन एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में करता है और महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों के संवर्धन के लिए चल रहे अपने कार्यकलापों के एक भाग के रूप में वार्षिक रूप से 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के तहत घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है।

यह मंत्रालय देखो अपना देश पहल के अंतर्गत देश की विभिन्न पर्यटन परिसंपत्तियों एवं उत्पादों के प्रदर्शन के लिए वेबीनार श्रृंखला का आयोजन कर रहा है। अप्रैल 2020 से अब तक 73 से अधिक वेबीनार आयोजित किए गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया है।

पर्यटन मंत्रालय ने देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के बारे में नागरिकों में जागरूकता पैदा करने तथा घरेलू पर्यटन के संवर्धन के उद्देश्य से जनवरी 2020 में देखो अपना देश पहल की शुरुआत की है। यह पहल दिनांक 15 अगस्त, 2019 को माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा प्रत्येक नागरिक से वर्ष 2022 तक कम से कम 15 गंतव्यों की यात्रा करने के अनुरोध के अनुसरण में है।

इस पहल के अंतर्गत यह मंत्रालय महाराष्ट्र सहित इस देश और इसके पर्यटन गंतव्यों/उत्पादों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए वेबीनार, ऑनलाइन शपथ एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम जैसे संवर्धनात्मक कार्यकलापों का आयोजन कर रहा है। मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट तथा वेबसाइट

पर और घरेलू भारत पर्यटन कार्यालयों द्वारा देखो अपना देश पहल का व्यापक रूप से प्रचार किया जा रहा है।

(ख) और (ग): एनटीएसी ने अजंता तथा एलोरा गुफाओं के अवसंरचना विकास की सिफारिश की है। मंत्रालय ने प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों के अंतर्गत विकास हेतु अजंता तथा एलोरा स्थलों को भी अभिज्ञात किया है। यह मंत्रालय संबंधित गंतव्य तक कनेक्टिविटी, उक्त स्थल पर पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं/अनुभव, कौशल विकास, स्थानीय समुदाय की भागीदारी, संवर्धन तथा ब्रांडिंग और निजी निवेश जुटाने से संबंधित मुद्दों पर फोकस के साथ समग्र रूप से इन स्थलों का विकास कर रहा है।

महाराष्ट्र राज्य में पर्यटक आकर्षणों के विकास के लिए स्वदेश दर्शन तथा प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:-

वर्ष	योजना का नाम	महाराष्ट्र में परिपथ का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रुपए में)
2017-18	प्रसाद	त्रंबकेश्वर का विकास	37.81
2017-18	केंद्रीय एजेंसियों को सहायता संबंधी योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना	इंदिरा डॉक-मुंबई अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण, एजेंसी- मुंबई पत्तन न्यास	12.50
2018-19	स्वदेश दर्शन	आध्यात्मिक परिपथ वाकी- अदासा- ढापेवाडा- पराधसिंघा- छोटा ताजबाग- तेलनखंडी- गिराड का विकास	54.01

(घ): यह मंत्रालय देखो अपना देश पहल के अंतर्गत देश की विभिन्न पर्यटन परिसंपत्तियों एवं उत्पादों के प्रदर्शन के लिए वेबीनार श्रृंखला का आयोजन कर रहा है। अप्रैल 2020 से अब तक 73 से अधिक वेबीनार आयोजित किए गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल्स पर नियमित पोस्ट के माध्यम से भी विभिन्न पर्यटन उत्पादों एवं अनुभवों का संवर्धन किया जा रहा है।

****